Our pride, empowered child.

# वी. एन्ड सी. पटेल इंग्लिश स्कूल

## अर्धवार्षिक परीक्षा

दिनांक : २२-९-१७ पूर्णांक-८०

समय : ३ घण्टा कक्षा – ८ विषय : हिन्दी

निर्देश : – सभी प्रश्नों के उत्तर स्वच्छ अक्षरों में होना चाहिए।

– उत्तर प्रारंभ करने से पूर्व प्रश्न क्रमांक अवश्य लिखिए।

### पठन विभाग

**प्र-१ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** ४

जनता के पास लोकतंत्र में चुनाव ही वह अस्त्र हुआ करता है जिसके द्वारा वह शासक दल और विरोधी दल-दोनों पर अंकुश और नियंत्रण लगाए रख सकती है, पर अपने इस अचूक अस्त्र के प्रयोग के लिए लोकतंत्रीय व्यवस्थावाले देशों में जनता का सभी प्रकार से जागरूक तथा सावधान होना बहुत आवश्यक हुआ करता है। सामाजिक, राजनीतिक आदि सभी पहलुओं से जागरूक जनता ही चुनाव के माध्यम से देश या प्रांतों के प्रशासन में ऐसे व्यक्तियों को भेज सकती है जो वास्तव में निहित स्वार्थों से ऊपर उठकर जनसेवा के कार्यो में रुचि रखनेवाले हों, त्याग और बलिदान की भावना से भरकर जनता और राष्ट्रहित को ही सर्वोच्च माननेवाले हो और उनमें ऐसा सब कर सकने की शक्ति और क्षमता भी पूर्ण रूप से विद्यमान हो। इस जागरूकता और सावधानी के अभाव में चुनावों का नाटक और लोकतंत्र खिलवाड़ बनकर रह जाया करते है।

**प्रश्न :**

१. प्रस्तुत गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए।
२. लोकतंत्र में जनता के पास 'चुनाव' एक अस्त्र के समान किस प्रकार है ?
३. जनता का जागरूक होना क्यों आवश्यक है ?
४. जनता की असावधानी के कारण लोकतंत्र को क्या नुकसान हो सकता है ?

### व्याकरण विभाग

**प्र-२ सही जोड़े मिलाइए।** ४

| | अ | ब |
|---|---|---|
| १. | स्पर्श व्यंजन | १. श, स, ह |
| २. | ह्रस्व स्वर | २. क, ज, प, ब |
| ३. | उष्म व्यंजन | ३. इ, उ, ऋ |
| ४. | दीर्घ स्वर | ४. आ, ई, ऊ |

प्र-३ धातु किसे कहते है ? उदाहरण सहित समझाइए। १

प्र-४ कारक की परिभाषा लिखते हुए करणकारक एवं अपादान कारक के बीच का अंतर स्पष्ट करे। ३

प्र-५ परिमाणवाचक विशेषण और प्रविशेषण में क्या अंतर है ? २

प्र-६ सर्वसंज्ञा किसे कहते है ? उसके प्रकारो के नाम लिखिए। २

प्र-७ निर्देशानुसार लिखिए । २

क. निम्नलिखित शब्दों में तत्सम और तद्भव शब्द छाँटकर अलग लिखिए ।

मोर, अग्नि, घर, हाथ, कान, कर्ण

ख. निम्नलिखित शब्द संज्ञा के किस प्रकार में आएगा ? २

हिमालय, घोड़ा, अहिंसा, काफ़िला, परिवार, संसार, नारी, लालिमा, बाजरा, सोना.

ग. निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थान पर विरामचिह्न लगाइए । २

१. आहा कितना सुंदर मौसम है
२. जो ईमानदार होते है उन्हे ही सम्मान मिलता है
३. लाल बहादुर शास्त्रीजीने कहा था जय जवान जय किसान
४. तुम इस में कब से रह रहे हो

ध. निम्न वाक्यों में रेखांकित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए । २

१. पक्षी स्वतंत्रता चाहते है । मकान के छत पर .......... बैठा है ।
२. हिमालय सबसे ऊँचा पर्वत है । उसे .......... भी कहते है ।
३. पुस्तक हमारा श्रेष्ठ मित्र है । .......... में से ज्ञान प्राप्त होता है ।
४. जीवन में अहंकार नही करना चाहिए । ............ से हमारा पतन होता है ।

च. निम्न वाक्यो में रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । २

१. हर व्यक्ति अपने विचारों का ............ प्रदान करता है
२. सूर्य का पूर्व में उदय होता है और पश्चिम में अस्त ।
३. माता-पिता की आज्ञा का पालन करना चाहिए । ........... करने से भविष्य में हमारा ही नुकशान होता है ।
४. हमें नीडर बनना चाहिए .............. नहीं ।

छ. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए । २

१. एक और एक ग्यारह होना २. आस्तीन का साँप
३. घोडे बेचकर सोना ४. कान पर जूँ न रेंगना

ज. निम्नलिखित शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए । २

१. रात में घूमनेवाला २. साथ पढ़नेवाला
३. जो सब कुछ जानता हो ४. जिसे जाना न जा सके

झ. उचित विकल्प चुनकर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । ५

१. वचन के प्रकार है – (क) १ (ख) २ (ग) ३ (घ) ४

२. 'कुर्सिया' शब्द किसमें आएगा ?

(क) काल (ख) क्रिया (ग) लिंग (घ) वचन

३. किसी काम के करने अथवा होने का बोध करानेवाले शब्द कहलाते है –

(क) काल (ख) कर्ता (ग) कर्म (घ) क्रिया

४. ........... के आधार पर क्रिया के दो प्रकार किए गए है –

(क) कर्ता (ख) कर्म (ग) क्रिया (घ) 'क' और 'ग' दोनो

५. अर्धविराम का चिह्न है –

(क) ' ' (ख) ! (ग) ; (घ) ,

६. ! इस चिह्न का नाम है –

(क) प्रश्नवाचक (ख) विस्मयादिबोधक (ग) अल्पविराम (घ) पूर्ण विराम

७. इनमें से उत्पत्ति के आधार पर शब्द का प्रकार नहीं है –

(क) तद्भव शब्द (ब) देशज शब्द (ग) विकारी शब्द (घ) रूढ शब्द

८. ........... के सार्थक और स्वतंत्र समूह को शब्द कहते है ।

(क) अक्षरों के (ख) ध्वनियों (ग) शब्दों के (घ) वाक्यों के

९. इनमें से संप्रदान कारक का विभक्ति चिह्न है –

(क) से (ख) के लिए (ग) में, पर (घ) का, के, की

१०. 'माँ ने आटे से रोटी बनाई ।' यहां कौन-सा कारक है –

(क) संप्रदान कारक (ख) अपादान कारक (ग) अधिकरण कारक (घ) करण कारक

## लेखन विभाग

**प्र-८ निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए ।** ५

१. **स्वतंत्रता दिवस :** – आज से २०० साल पहले भारत की स्थिति – स्वतंत्रता के लिए संघर्ष – स्वतंत्रता प्राप्ति – प्रतिवर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन – नागरिकों से अपेक्षाएँ – उपसंहार.

२. **टेलीफोन लाभ-हानि :** – आज के युग में टेलीफोन आवश्यक – टेलीफोन द्वारा घर बैठे समाचार प्राप्त करना – टेलीफोन से लाभ – टेलीफोन से हानि

## साहित्य विभाग ( पद्य खंड )

**प्र-९ अ. निम्न प्रश्नों के उचित एक वाक्य में लिखिए ।** ४

१. चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर उडने की तैयारी में क्यो है ?

२. कविने पक्षी ओर बादल को भगवान के डाकिए क्यों बताया है ?

३. वीर इस संसार को क्या देना चाहते है ?

४. 'कब हमारा कोई बैरी नहीं हो सकता' – कबीर की साखी के आधार पर बताइएँ ।

**ब. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो वाक्य में दीजिए ।** ८

१. 'यह सबसे कठिन समय नहीं है' कविता हमें क्या संदेश देती है ?

२. 'एक देश का भाप दूसरे देश में पानी बन बरसता है'–इस वक्तव्य से आप क्या समझते है ?

३. वसंत को ऋतुराज क्यों कहा जाता है ?

४. 'कबीरने घास का भी महत्त्व बताया है' –कबीर की साखी के आधार पर बताइएँ ।

**क.** 'भगवान से डाकिए' काव्य का उद्देश्य लिखिए । ५

**अथवा**

'दीवानों की हस्ती' कविता से हमें क्या संदेश मिलता है ?

## (गद्य खंड)

**प्र-१० अ. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।** ४

१. बस कब जवान रही होगी ?

२. बदलू कब जिद पकडता था ?

३. 'क्या निराश हुआ जाए' पाठ में लेखकने ड्राइवर को किससे बचाया ?

४. गाँवों या गरीब बस्तियों में चिठ्ठी या मनीआर्डर लेकर पहुँचनेवाला डाकिया किसके रूपमें देखा जाता है ?

**ब. निम्न प्रश्नों के उत्तर दो वाक्य में लिखिए ।** ८

१. लेखक पेडो को दुश्मन क्यों समझ रहा था ?

२. 'मशीनी युगने हाथ काट दिए' क्या लेखक का यह सोचना सही है ?

३. लेखक दोषों को पर्दाफाश करते समय किस बात से बचने के लिए कहता है ?

४. लोग पत्रों का बेसब्री से इंतजार क्यों करते है ?

**क.** लेखकने लेखक का शीर्षक 'क्या निराश हुआ जाए' क्यों रखा होगा ? क्या आप इससे भी बेहतर शीर्षक सुझा सकते हैं ? ५

**अथवा**

**क.** 'माँ बच्चे के मुह में दूध की शीशी लगाती है' – एसा कब और क्यों कहा गया ?

**प्र-११अ. निम्न शब्दो के अर्थ लिखिए ।** ४

१. पात २. फबना ३. हस्ती ४. ढाँढस ५. गंतव्य ६. गुडविल ७. गोता ८. मुस्तैद

**ब. निम्न प्रश्नों के उचित उत्तर दिए गए विकल्पो में से छाँटकर लिखिए ।** २

१. 'बस की यात्रा' पाठ साहित्य की कौन-सी शैली में लिखा गया है ?

(क) विवरणात्मक (ख) व्यंगात्मक (ग) काव्य (घ) वर्णनात्मक

२. सरकारी विभागो में सबसे ज्यादा गुडविल किस विभाग की है ?

(क) जल विभाग (ख) बिजली विभाग (ग) दूरभाष विभाग (घ) डाक विभाग

३. धर्म किससे बडी चीज है ?

(क) सेवा (ख) ईमानदारी (ग) कानून (घ) आध्यात्मिकता

४. 'क्या निराश हुआ जाए' पाठ के लेखक कौन है ?

(क) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' (ख) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(ग) निर्मल वर्मा (घ) अरविंद कुमारसिह